## खबर संक्षेप

### चलती ट्रेन में गूंजी किलकारी, मैहर स्टेशन पर मिली त्वरित सहायता



**मैहर।** नागपुर से बिहार जा रही एक चलती ट्रेन में मंगलवार को उस समय खुशियों की किलकारी गूंज उठी,जब एक गर्भवती महिला ने सफर के दौरान बच्चे को जन्म दिया। रेलवे और स्वास्थ्य विभाग की मुस्तैदी से जच्चा-बच्चा दोनों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया गया। बिहार के सीतामढ़ी निवासी मोहम्मद इशाक मंसूरी अपनी पत्नी फिरोजी खातून (23 वर्ष) के साथ ट्रेन नंबर 15232 (नागपुर-बिहार) की एम-2 बोगी में यात्रा कर रहे थे। प्रसवः कटनी और मैहर के बीच महिला को अचानक तीव्र प्रसव पीड़ा शुरू हुई और उन्होंने ट्रेन में ही एक स्वस्थ बेटे को जन्म दिया। पति द्वारा रेलवे हेल्पलाइन 139 पर सूचना देते ही मैहर रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और स्वास्थ्य टीम मुस्तैद हो गई। ट्रेन के रुकते ही एम्बुलेंस के जरिए मां और नवजात को तुरंत सिविल अस्पताल मैहर शिफ्ट किया गया। डॉक्टरों के अनुसार दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। परिजनों ने रेलवे की त्वरित सेवा के प्रति आभार जताया।

### प्रीति विश्वकर्मा को सिविल लाइन और विजय सिंह को धारकुंडी थाने की कमान



**सतना।** जिले के पुलिस विभाग में प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़,चुस्त-दुरुस्त और मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक द्वारा एक नया आदेश जारी किया गया है। इस जारी आदेश के तहत लंबे समय से प्रभारी विहीन चल रहे थानों में नए थाना प्रभारियों की पदस्थापना की गई है। आदेश के अनुसार,उपनिरीक्षक प्रीति विश्वकर्मा को सिविल लाइन थाने की जिम्मेदारी सौंपते हुए वहां का नया थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है।वहीं दूसरी ओर,वर्तमान में कोलगवां थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक विजय सिंह कुशवाह को धारकुंडी थाने का नया प्रभारी बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक के इस आधिकारिक आदेश के जारी होने के तुरंत बाद ही दोनों पुलिस अधिकारियों ने अपने-अपने संबंधित थानों में पहुंचकर थाना प्रभारी का पदभार ग्रहण कर लिया है। इस फेरबदल से क्षेत्र की कानून व्यवस्था में और सुधार होने की उम्मीद है।

### नादन का 85 एकड़ में फैला 'धर्मसागर' तालाब उपेक्षा का शिकार

**मैहर।** जहाँ एक तरफ मैहर के विष्णु सागर तालाब के गहरीकरण का काम मशीनों द्वारा तेजी से चल रहा है,वहीं दूसरी तरफ नादन पंचायत का 85एकड़ में फैला ऐतिहासिक 'धर्मसागर' तालाब प्रशासन की घोर उपेक्षा का शिकार है। ग्रामीण इस विशाल जलाशय के पुनरुद्धार और सौंदर्यीकरण की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार,इसी तालाब के बीचों-बीच कभी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का हेलीकॉप्टर उतरा था और उन्होंने इसके कायाकल्प की घोषणा की थी। सांसद गणेश सिंह ने भी इसे 'झील परियोजना' के प्रस्ताव में भेजने की बात कही थी,लेकिन विष्णु सागर का काम शुरू होने के बाद धर्मसागर का नाम फाइलों में कहीं गुम हो गया है।कभी अपनी विशाल जल भंडारण क्षमता के लिए पहचाना जाने वाला यह तालाब आज सूखी जमीन में तब्दील हो चुका है। नादन की जनता का सवाल है कि यदि प्रशासन को जल संरक्षण की सच में चिंता है,तो इस 85 एकड़ के विशाल ऐतिहासिक तालाब की सुध आखिर कब ली जाएगी?

### मैहर में अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई

**मैहर।** मैहर नगर के घंटाघर एवं स्टेट बैंक चौराहे के आसपास यातायात को बाधित कर रहे अवैध ठेलों के खिलाफ नगर पालिका के अतिक्रमण दस्ते ने बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान एक युवक द्वारा टीम से विवाद करने पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। नगर पालिका द्वारा बार-बार समझाइश देने और निर्धारित स्थानों पर दुकान लगाने की हिदायत के बाद भी कुछ ठेले वाले मुख्य सड़कों पर कब्जा जमाए हुए थे,जिससे जाम की स्थिति बन रही थी। दस्ते ने जब ठेले जब्त करना शुरू किया,तो कुछ दुकानदारों ने विरोध स्वरूप अपना ही सामान सड़क पर पलट दिया। कार्रवाई के दौरान आबिद खान नामक युवक ने अतिक्रमण दस्ते के कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज,मारपीट की और विभागीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया। नगर पालिका की लिखित शिकायत पर मैहर थाना पुलिस ने आरोपी आबिद खान के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने और मारपीट सहित विभिन्न सुसंगत धाराओं के तहत आपराधिक मामला दर्ज कर लिया है।

## लापरवाही का मामला दर्ज

# चलती बाइक पर पेड़ गिरने से दो की मौत

देहात थाना क्षेत्र के बरहिया गांव के पास मंगलवार को एक हृदयविदारक हादसा हुआ। सड़क किनारे काटा जा रहा एक भारी शीशम का पेड़ चलती मोटरसाइकिल पर गिर गया,जिससे दो युवाओं की मौत हो गई और दो युवतियां गंभीर रूप से घायल हो गईं।



**मैहर।**

कटनी जिले के रीठी अंतर्गत इम्लास गांव के चार युवक-युवती एक ही बाइक से मैहर मां शारदा के दर्शन के लिए आ रहे थे,लेकिन रास्ता भटक कर बरहिया गांव पहुंच गए। वहाँ दीनदयाल साकेत द्वारा ट्रैक्टर की मदद से शीशम का पेड़ कटवाकर खिंचवाया जा रहा था। लापरवाही के कारण पेड़ अचानक अनियंत्रित होकर बाइक पर जा गिरा।

**हताहतः** अस्पताल पहुंचने से पहले रागिनी कुशवाहा (18 वर्ष) की मौत हो गई, जबकि अमित कुशवाहा (21 वर्ष) ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। राधिका (17) और शिवानी (18) का इलाज सिविल अस्पताल में जारी है। थाना प्रभारी पंचराज सिंह ने बताया कि पेड़ कटाई में गंभीर लापरवाही बरतने पर मामला दर्ज कर पुलिस आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

## मैजिक और ट्रक की भिड़ंत, अनियंत्रित होकर घर में घुसा ट्रक

मैहर। कोतवाली थाना क्षेत्र के हरनामपुर बाईपास स्थित सिमरन सरोवर होटल के पास मंगलवार सुबह करीब 8 बजे एक मैजिक वाहन और ट्रक के बीच भीषण भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अनियंत्रित होकर ट्रक सीधे सड़क किनारे बने एक मकान में जा घुसा। मैजिक(MP 20 ZB 2652) का चालक प्रमोद मेहरा जबलपुर से सतना की ओर जा रहा था,जबकि ट्रक (MP 19 ZG 9987) का चालक मिथलेश शाहू रेलवे साइडिंग से जबलपुर की तरफ जा रहा था। भिड़ंत के बाद ट्रक अनियंत्रित होकर अविनाश दाहिया के मकान का हिस्सा तोड़ते हुए अंदर घुस गया। हादसे के वक्त घर में मौजूद लोगों में दहशत फैल गई।राहत की बातः इस भीषण हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। दोनों वाहनों के चालकों को मामूली चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## रेस्टोरेट और पेट्रोल पंपों की हुई आकस्मिक जांच

**मैहर।**



कलेक्टर मैहर बिदिशा मुखर्जी के निर्देशानुसार सोमवार को डिप्टी कलेक्टर आशिमा पटेल और सहायक आपूर्ति अधिकारी के नेतृत्व में मैहर जिले के डीजल पेट्रोलपंप,ढाबा और रेस्टोरंट की आकस्मिक जांच की गई। जांच के दौरान मैहर-कटनी रोड पर घुनवारा,झुकेही,बदेरा सहित अन्य स्थानों पर जांच की गई। इस दौरान पारस फिलिंग सेंटर बदेरा में स्टाक का निरीक्षण किया गया।जहां पर्याप्त मात्रा में डीजल और पेट्रोल पाया गया। बागेश्वर बालाजी टूरिस्ट फैमिली ढाबा रेस्टोरेंट की जांच के दौरान 4 घरेलु सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग पाये जाने पर जब्त किया गया।इसी प्रकार शिव शक्ति ढावा एण्ड फैमिली रेस्टोरेंट के निरीक्षण के दौरान दो घरेलु सिलेण्डर का उपयोग करने पर जब्त किया गया। डिप्टी कलेक्टर आशिमा पटेल ने बताया कि घरेलु गैस का दुरूपयोग करने पर संबंधित के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है।

## परिवहन और यातायात विभाग की संयुक्त कार्रवाईः 45 बसों की जांच, वसूला जुर्माना

**सतना।**

परिवहन आयुक्त एवं जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार परिवहन विभाग और यातायात विभाग द्वारा एक संयुक्त विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस को केंद्र में रखकर की गई। अभियान के दौरान कुल 45 बसों की सघन चेकिंग की गई। इनमें से 11 बसों में आंशिक कमियां पाए जाने पर नियमों के तहत 11,000 रुपये का राजस्व (जुर्माना) वसूल किया गया। कार्रवाई के साथ-साथ बस चालकों को यातायात नियमों की समझाइश भी दी गई। इसके अलावा, आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए चालकों को ग्राउंड पर अग्निशमन यंत्र (फायर एक्स्टिंग्विशर) का व्यावहारिक उपयोग करके दिखाया गया।





### स्कूल बस संचालकों को कड़े निर्देश

विभाग द्वारा स्कूल बस संचालकों को हिदायत दी गई है कि वे बसों के परमिट, फिटनेस,बीमा और प्रदूषण से जुड़े सभी वैध दस्तावेज अनिवार्य रूप से गाड़ी में रखें। साथ ही,बसों में फर्स्ट एड बॉक्स,चालू हालत में अग्निशमन यंत्र,और चालक-परिचालक (ड्राइवर-कंडक्टर) के लिए वर्दी व नेम प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है। इस विशेष चेकिंग अभियान में परिवहन विभाग से आरटीओ रवि बरेलिया, यातायात प्रभारी पूनम रावत,देवेंद्र चौधरी,धीरेन्द्र सुब्बा,प्रधान आरक्षक चंदमणि गुप्ता,मनोज गौतम और रामसुख मिश्रा सहित अन्य स्टाफ शामिल रहा।

## मंडी शुल्क वृद्धि का सतना में विरोधः व्यापारी बोले- बढ़ेगी महंगाई और कारोबार की लागत



**सतना।**

प्रदेश सरकार द्वारा मंडी शुल्क को 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 1.5 प्रतिशत करने के निर्णय का विरोध शुरू हो गया है। गल्ला तिलहन व्यापारी संघ ने मंगलवार को इस फैसले पर आपत्ति जताते हुए मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों का कहना है कि यह 0.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने में छोटी है,लेकिन कृषि उपज के बड़े कारोबार पर इसका भारी अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ेगा। इससे व्यापार की लागत बढ़ने से सीधे तौर पर कृषि वस्तुओं के दाम बढ़ेंगे,जिससे बाजार में महंगाई बढ़ेगी और आम उपभोक्ताओं को नुकसान होगा। इसके अलावा,टैक्स चोरी और अनधिकृत व्यापार बढ़ने की आशंका भी जताई गई है। संघ ने मुख्यमंत्री से जनहित और व्यापार जगत के हित में इस निर्णय पर पुनर्विचार करने और शुल्क वृद्धि वापस लेने की मांग की है ताकि व्यापार सुचारू रूप से चल सके।



### स्टॉक ट्रांसफर का बड़ा कागजी खेल उजागर

मैहर। कटनी के कारोबारी मनोज जैन की तीन गाड़ियां मैहर में पकड़े जाने के बाद खनिज माफिया और खनिज विभाग की मिलीभगत का बड़ा खेल सामने आया है। आरोप है कि विभाग इस गंभीर मामले को ठंडे बस्ते में डालकर माफिया को खुला संरक्षण दे रहा है। भंडारण केंद्रों (स्टॉक यार्ड) की आड़ में सिर्फ कागजों पर लेटेराइट एवं बॉक्साइट का ट्रांसफर दिखाया जाता था। इस चोरी के खनिज को सीमेंट प्लांटों में खपाने और मैहर-सतना के रास्ते नेपाल एक्सपोर्ट करने का सिंडिकेट चल रहा था।जब्ती और शुरुआती सख्ती के 3 हफ्ते बीत जाने के बाद भी खनिज विभाग की टीम रीवा,कटनी,मैहर और सतना की संदिग्ध खदानों से स्टॉक का वास्तविक भौतिक सत्यापन नहीं कर सकी है। दिखावे के लिए नोटिस जारी किए गए,लेकिन ई-टीपी और परिवहन वाहनों की कोई वास्तविक जांच नहीं हो रही है। अधिकारियों ने इस मुद्दे पर पूरी तरह से चुप्पी साध रखी है,जिससे सरकार को भारी राजस्व की क्षति हो रही है।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 175 आवेदकों की समस्यायें



**सतना।**

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने सतना जिले के विभिन्न अंचलों से पहुंचे 175 आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए आवेदकों ने भूमि विवाद,राजस्व रिकॉर्ड सुधार,सिंचाई, बिजली, पानी,सड़क निर्माण,पेंशन,छात्रवृत्ति, आवास योजना तथा अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत की।कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लिया और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम एलआर जांगडे,डिप्टी कलेक्टर संदीप परस्ते द्वारा भी आवेदकों की समस्याएं सुनी गई।

## महापौर ने की विकास कार्यों की समीक्षा; समय पर काम पूरा करने के निर्देश



**सतना।**

नगर निगम के महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने गुरुवार को अपने कक्ष में इंजीनियरों और अधिकारियों के साथ विभिन्न विकास कार्यों और निर्माणाधीन परियोजनाओं की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। बैठक में शहर के समग्र विकास,जनसुविधाओं,निर्माण की गुणवत्ता और पारदर्शिता जैसे मुख्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। महापौर ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य तय समयसीमा के भीतर और निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महापौर ताम्रकार ने जोर देकर कहा कि प्रत्येक परियोजना की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए ताकि शहरवासियों को स्वच्छ,सुव्यवस्थित और बेहतर आधारभूत सुविधाएं मिल सकें। बैठक में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को सभी विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर गति देने का निर्देश दिया गया।

## सांसद ने किया मुख्तियार गंज रेलवे अंडरब्रिज का निरीक्षण, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**सतना।**



शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और स्थानीय आमजनों को लंबे समय से हो रही दिक्कतों व समस्याओं से निजात दिलाने के लिए सांसद गणेश सिंह ने मंगलवार को मुतियारगंज रेलवे अंडरब्रिज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अंडरब्रिज की वर्तमान स्थिति,वहां से होने वाले यातायात संचालन और नागरिकों को आ रही व्यावहारिक परेशानियों का बारीकी से जायजा लिया। सांसद ने मौके पर उपस्थित विभिन्न विभागों के जिम्मेदार अधिकारियों से अंडरब्रिज से जुड़ी तकनीकी और प्रशासनिक समस्याओं की विस्तृत जानकारी ली तथा आवश्यक सुधार कार्यों को लेकर चर्चा की। उन्होंने संबंधित विभागों को आपस में बेहतर समन्वय (तालमेल) बनाकर जनहित में त्वरित कार्रवाई करने के कड़े निर्देश दिए। इस निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीणा,एसडीएम राहुल सिलाड़िया सहित रेलवे और बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे,जिन्होंने सांसद को प्रस्तावित कार्ययोजना से अवगत कराया।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया

**मैहर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मैहर के विधायक कार्यालय में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी और भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ.मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक ने डॉ.मुखर्जी के 'एक देश में दो विधान,दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे' के नारे को याद किया।उन्होंने याद दिलाया कि 1953 में बिना परमिट कश्मीर प्रवेश करने पर डॉ.मुखर्जी को हिरासत में लिया गया था,जहाँ 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनका निधन हो गया। इस कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

**खबर संक्षेप**



## सुश्री आकांक्षा रावत ने संभाला जिला शिक्षा अधिकारी का पदभार कलेक्टर से की सौजन्य भेंट

**पन्ना।** मध्य प्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश के परिपालन में सहायक संचालक सुश्री आकांक्षा रावत ने मंगलवार को पन्ना जिले के जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। सुश्री रावत पूर्व में अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, छतरपुर के पद पर पदस्थ थीं। शासन द्वारा उन्हें सहायक संचालक, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, पन्ना में पदस्थ करने के साथ जिला शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार अस्थाई रूप से सौंपा गया है। पदभार ग्रहण करने के बाद सुश्री आकांक्षा रावत ने कलेक्टर श्रीमती उषा परमार से सौजन्य भेंट कर जिले में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## ट्रक चालक के नींद ने ली क्लीनर की जिन्दगी



**शाहनगर।** शाहनगर क्षेत्रांतर्गत पन्ना-कटनी मार्ग छभ्-43 पर कचौरी मोड़ के समीप मंगलवार की रात्र करीब 3रू30 बजे रायगढ़ से पन्ना जा रहा 34 टन सरिया से लदा 16 चक्का ट्रक चालक को नींद आने से अनियंत्रित होकर जामुन के पेड़ से टकरागया इस सड़क हादसे में क्लीनर की केबिन में फंसने से मौके पर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।म्रतक की पहचान शेषमणि यादव' पिता बिहारीलाल यादव, 21 वर्ष, निवासी बुढ़वा, तहसील ब्यौहारी, जिला शहडोल बताया गया है जबकी वाहन चालक रामसजीवन यादव पिता समयपाल यादव निवासी हुआ है जिला शहडोल को चोटं आई है हादसे की जानकारी चालक ने 112को दी गई मौके पर तत्काल शाहनगर शाहनगर टीआई परसुराम डाबर हमराह पुलिस बल स्टाप के साथ मौके पर पहुंचे और कटनी से क्रेन और दो जेसीबी बुलाकर रेस्क्यू कर क्लीनर का शव व घायल चालक को बाहर निकाला गया। दोनों को शाहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां बीएमओ डॉ. सर्वेश लोधी ने प्राथमिक उपचार के बाद चालक को कटनी रेफर कर दिया। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

### इनका कहना है-

वाहन चालक को नींद का झोंका आने से यह हादसा हुआ है ट्रक मे 34टन लोहे का सरिया लोड था जो रायगढ से पन्ना ले जाया जा रहा था वाहन चालक की लापरवाही को देखते हुये बीएनएस की धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

**परसुराम डाबर नगर निरीक्षक थाना शाहनगर**

# जिला प्रशासन की मुखिया व पुलिस प्रशासन सहित शिक्षा विभाग की मुखिया के रूप में भी कहीं न कहीं मातृशक्ति को सौंपी कमान

पन्ना

जिले के प्रशासन जहां निश्चितौर पर जिले के मुखिया के रूप में कलेक्टर पन्ना श्रीमती ऊषा परमार वहीं पुलिस प्रशासन की मुखिया श्रीमती निवेदिता नायडू अब शिक्षा विभाग के मुखिया के रूप सुश्री आकांक्षा रावत जिले को विकास में आधार भूत जहां शिक्षा विभाग से ही भविष्य को लेकर जाना जाता है देखना यह है कि शिक्षा विभाग के माध्यम से नये शिक्षा सत्र में जहां शिक्षा विभाग की मुखिया सुश्री आकांक्षा रावत कितने बदलाव व सुधार को लेकर जानी जायेगी।

पन्ना। पन्ना जिला मध्यप्रदेश में भले ही छोटे जिले के रूप में जाना जाता है पर हमारा जिला प्रदेश से लेकर सम्पूर्ण दुनिया में हीरे की पहचान से प्रख्यात है। वैसे भी इन दिनों पन्ना राजनैतिक पृष्ठभूमि को लेकर सतत आगे बढने को लेकर माना जा रहा है। वहीं जिले में







विकास के नये आयामों को लेकर जिला प्रशासन की मुखिया कलेक्टर की भूमिका यहां पूर्व से ही महत्वपूर्ण मानी जाती है। जितने बड़े कार्य यहां कराये गये उनमें पूर्व कलेक्टरों का नाम आज भी बड़े आदर के साथ लिया जाता है। पन्ना में पहली बार महिला के रूप में नहीं है बल्कि इसके पूर्व जिन महिलाओं को कलेक्टर के रूप में जाना गया उनमें इनके कार्यकाल सदैव कहीं न कहीं आज भी सम्मान के साथ चर्चा में है। उदाहरण को लेकर कलेक्टर दीपाली रस्तोगी वहीं कलेक्टर आईरिन सिंधिया जिनका नाम सदैव पन्ना जिले में अच्छे कलेक्टरों की कार्यप्रणाली को लेकर छाप छोड चुका है। वहीं अब बारी है वर्तमान कलेक्टर श्रीमती ऊषा परमार के रूप में जिन्हें बेहद स्वर्णिम काल मिला है। वहीं पन्ना जिले में पुलिस प्रशासन के मुखिया के रूप में सायद पहली बार श्रीमती निवेदिता नायडू को जरूर पुलिस अधीक्षक के रूप में यहां जाना जा रहा है। पर आपकी कार्यप्रणाली कहीं न कहीं समूचे जिले में चर्चा में है। जो पुलिस प्रशासन के लिए बेहद अच्छा कार्यकाल माना जा रहा है वहीं शिक्षा विभाग के मुखिया के रूप में पहली बार जिला शिक्षा अधिकारी का पद जहां सुश्री आकांक्षा रावत ने पदभार संभाला है शिक्षा ही सम्पूर्ण विकास का आधार होती है वहीं शिक्षा से ही समग्र विकास की परिकल्पना साकार होती है। यह भी माना जाता है क्योंकि शिक्षा से ही भावी भविष्य का निर्माण होता है। शिक्षा व्यवस्था जिले में अपनी अलग ही छाप छोड़ती है वहीं सबसे बड़ा विभाग भी जिले में जाना जाता है तथा राजनीति के क्षेत्र में भी जहां सदैव पन्ना का नाम पिछले समय से पृष्ठभूमि से जुड़ा हुआ है वर्तमान में भी पन्ना भले ही छोटा जिला है पर इसकी चमक हीरे की तर्ज पर ही प्रदेश से लेकर देश तक जानी जाती है। यहां वर्तमान में पन्ना को विकास की दिशा देने के लिए नये आयाम तय करने को लेकर बहुत कुछ करने की जरूरत जरूरत मानी जा रही है। पड़ोसी जिलों की तर्ज पर पन्ना को विकास की दिशा में अग्रणी बनाने के लिए ग्राम पंचायतों से लेकर नगर पंचायतों व जिले को विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कहीं न कहीं विकास के आयामों को लेकर आज भी सपने तो देखे जाते है पर सकार करने की जरूरत।

## जनसुनवाई पंचायत स्तर में अब मात्र सुनवाई का दिन रह गया यह कहें बेअसर हो गई तो अतिश्योक्ति नहीं

पन्ना।

इसके पूर्व पंचायतों में पंचायत स्तर के अधिकारी सभी जनसुनवाई मे 'पहुंचते थे वहीं आम जनता को भरोसा प्रशासन पर होने लगा था अब लगा विराम जिले की मुखिया की सोच के चलते क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर जाना जाता है। पूर्व कलेक्टर संजय मिश्रा पूर्व जिला पंचायत सीईओ संघप्रिय के कार्यकाल अन्य कार्यालयों के तर्ज पर खुलने लगे थे वहीं जनसुनवाई जिस तरह से जिला मुख्यालय में कलेक्टर कार्यालय में होती थी उसी तर्ज पर पंचायत मुख्यालय में प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई संचालित हो रही थी। जहां समस्त पंचायत स्तर के अधिकारी जनसुनवाई में पहुंचते थे। इतना ही नहीं ग्राम पंचायतों में आम आदमी को भरोसा जागा था कि प्रशासन अब गांवों में यहीं समस्याओं का निदान करने के लिए तत्पर है। हालात बदले जिला प्रशासन की कमान बदलते ही जनसुनवाई आखिर पंचायत स्तर में अब मात्र औपचारिकता बन गई। न हीं पंचायतों में अब पंचायत स्तर के समस्त कर्मचारी जनसुनवाई में पहुंचते और न ही अब आम जनता का बचा भरोसा आखिर कलेक्टर पन्ना कार्यालय तक जनसुनवाई के लिए जहां अपना पूरा एक दिन का समय साथ ही सैकड़ों किलोमीटर की दूरी तय करके किराया खर्च करके जनसुनवाई में आवेदन देने आते है जिन्हें पंचायतों में ही न्याय मिलने की उम्मीद जागी थी आखिर उनका भरोसा हुआ खत्म।प्रदेश में आज भी भाजपा की सरकार जहां सरकार की मंशा गांवों में ही लोगों को समस्याओं का समाधान हो तभी तो जनसुनवाई को ग्राम पंचायत कार्यालय तक प्रत्येक मंगलवार को समस्यायें सुनने के लिए तय किया गया था। पर जब जिम्मेदारों की मंशा पर ही खोट हो तो फिर हालात इसी तरह नजर आने लगते है। आखिरकार ग्राम सभा हो या जनसुनवाई पंचायत स्तर पर प्रभावशाली न होने से प्रशासन से आम जनता का भरोसा कोसो दूर होता है। जिले के संवेदनशील कलेक्टर से आज भी उम्मीद की जाती है कि पंचायतों में होने वाली ग्रामसभाओं तथा प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की मंशा पूर्णरूपेण आम जनता के भरोसे को कायम करने के लिए तत्परता से क्रियान्यन को लेकर निर्वाहन किया जाये। जिससे आम जनता का एक दिन का समय व किराया जिला मुख्यालय तक का बच सकेगा। वहीं ग्राम पंचायतों में ही लोगों की समस्याओं कासमाधान जिस तरह से पूर्व में होता था वह होना क्या लाजमी नहीं।

# अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर पन्ना जिले के 25 गांवों में खेलों के माध्यम से आत्मनिर्भरता का दिया संदेश

**खेल हमें केवल जीतना नहीं सिखाते, बल्कि मिलकर आगे बढ़ना सिखाते हैं। यही भावना आत्मनिर्भर गांव का आधार है**





पन्ना।

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर रिलायंस फाउंडेशन रूरल ट्रांसफॉर्मेशन ( आरएफआरटी )एवं सहयोगी संस्था समर्थान (एफआईए) द्वारा पन्ना जिले के 25 गांवों में ष्लेट्स मूव इंडियाष थीम के अंतर्गत विविध खेल एवं सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस आयोजन में लगभग 1600 महिलाओं, पुरुषों, युवाओं, बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी कर खेल, स्वास्थ्य एवं सामुदायिक एकजुटता का संदेश दिया।कार्यक्रम का उद्देश्य खेलों की शक्ति के माध्यम से समुदाय को संगठित करना तथा आत्मनिर्भर गांव की अवधारणा को सशक्त बनाना था। आयोजन के दौरान प्रतिभागियों को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के महत्व, ओलंपिक आंदोलन के मूल्यों एवं ग्रामीण विकास में खेलों की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। इसके पश्चात विभिन्न गांवों में कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, चेयर रेस, टिप्पू, चित्रकला, रंगोली एवं अन्य पारंपरिक खेलों और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। महिलाओं, पुरुषों, युवाओं, बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए खेल भावना, अनुशासन, सहयोग और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान ओलंपिक आंदोलन के तीन प्रमुख मूल्यों के उत्कृष्टता, सम्मान एवं मित्रता पर विशेष बल दिया गया। प्रतिभागियों को बताया गया कि खेल केवल शारीरिक गतिविधि नहीं, बल्कि नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता, आत्मविश्वास, समानता, सामाजिक समरसता और टीम भावना के विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। यही गुण आत्मनिर्भर एवं सशक्त गांवों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयोजन के अंत में प्रतिभागियों एवं विजेताओं का सम्मान किया गया तथा सभी ने ष्लेट्स मूव इंडियाष संकल्प के तहत प्रतिदिन सक्रिय रहने, अपने परिवार एवं समुदाय को भी सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने तथा स्वस्थ एवं विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने की शपथ ली। कार्यक्रमों में रिलायंस फाउंडेशन के जिला प्रबंधक मुकेश सेंगर के नेतृत्व में टीम ने सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर प्रदीप तिवारी, सहयोगी संस्था समर्थान के रीजनल कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र तिवारी, दिवाकर बागरी, नवनीत बघेल,आरती विश्कर्मा,अशीष पटेल रविकांत पाठक,कपूर सिंह सहित सभी विस्तार कार्यकर्ताओं ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के सफल संचालन में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, ग्राम विकास समिति के सदस्यों, विद्यालयों के शिक्षकों, युवाओं एवं समुदाय के अन्य सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। सभी के सामूहिक प्रयासों से अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस का आयोजन उत्साह, खेल भावना एवं सामुदायिक सहभागिता के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन खेलों को ग्रामीण विकास एवं सामाजिक परिवर्तन के प्रभावी माध्यम के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। रिलायंस फाउंडेशन द्वारा आत्मनिर्भर गांवों के निर्माण हेतु किए जा रहे प्रयासों में यह कार्यक्रम एक प्रेरणादायक कदम रहा, जिसने समुदायों को एक मंच पर लाकर स्वास्थ्य, सहभागिता, नेतृत्व एवं सामूहिक विकास का संदेश दिया।

# आधार और गाड़ी का रजिस्ट्रेशन लाओ, तभी पेट्रोल-डीजल पाओ: श्री वसंत किसान सेवा केंद्र के नए नियम से जनता परेशान, प्रशासन से पूछा सवाल

**किसानों की सुविधा के लिए बने पेट्रोल डीजल पम्प से किसान परेशान**

गुनौर

मध्यप्रदेश के पन्ना जिले के गुनौर क्षेत्र से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। गुनौर स्थित श्री वसंत किसान सेवा केंद्र (पेट्रोल पंप) पर तेल लेने आने वाले लोगों को एक अजीबोगरीब फरमान का सामना करना पड़ रहा है। पंप प्रबंधन द्वारा यह नियम लागू किया गया है कि यदि किसी भी व्यक्ति को डीजल या पेट्रोल भरवाना है, तो उसे अनिवार्य रूप से अपना आधार कार्ड और वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर (त्ब) साथ लाना होगा। इन दस्तावेजों के अभाव में ग्राहकों को साफ तौर पर तेल देने से मना किया जा रहा है। इस नए और अचानक लागू हुए नियम के कारण क्षेत्र के किसानों और आम वाहन चालकों में भारी आक्रोश है। आम जनता और किसानों की बढ़ रही मुश्किलें स्थानीय निवासियों और दूर-दराज के गांवों से आने वाले किसानों का कहना है कि वे खेतों में काम छोड़कर या जरूरी काम से ईंधन लेने आते हैं। ऐसे में अचानक आधार कार्ड और गाड़ी के कागजात मांगना व्यावहारिक नहीं है। कई ग्रामीणों के पास स्मार्टफोन नहीं हैं या वे हर समय इन दस्तावेजों को साथ लेकर नहीं चलते। इस नियम के कारण कई लोगों को बिना तेल लिए ही खाली हाथ लौटना पड़ रहा है, जिससे उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहे हैं। जनता का बड़ा सवालरू प्रशासन का आदेश सार्वजनिक होइस अव्यवस्था को लेकर स्थानीय जनता और उपभोक्ताओं ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। लोगों का सीधा सवाल हैरूयह नियम किसके आदेश पर लागू किया गया है? क्या जिला प्रशासन या खाद्य विभाग ने ऐसा कोई आधिकारिक लिखित आदेश जारी किया है? यदि यह प्रशासन का सरकारी आदेश है, तो इसे सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा? उपभोक्ताओं का आरोप है कि यदि प्रशासन या तेल कंपनी की ओर से कोई वैध गाइडलाइन है, तो उसे पेट्रोल पंप के नोटिस बोर्ड पर स्पष्ट रूप से चस्पा (प्रदर्शित) किया जाना चाहिए ताकि पारदर्शिता बनी रहे। बिना किसी सार्वजनिक सूचना या आधिकारिक पत्र के आम नागरिकों को इस तरह परेशान करना पूरी तरह से अनुचित है।

### कालाबाजारी रोकने की कोशिश या मनमानी?-

आमतौर पर ऐसे कड़े नियम या राशनिंग तब लागू की जाती है जब क्षेत्र में ईंधन की भारी किल्लत हो या कृषि उपयोग के डीजल की अवैध कालाबाजारी और जमाखोरी को रोकना हो। देश के कुछ हिस्सों में स्थानीय प्रशासन द्वारा ट्रैक्टर मालिकों के लिए ऐसे नियम बनाए गए हैं ताकि कृषि उपयोग का ईंधन सही हाथों में जाए। लेकिन गुनौर के इस पंप पर आम दोपहिया और चार पहिया वाहनों से भी इस तरह के दस्तावेज मांगना लोगों के गले नहीं उतर रहा है।क्षेत्र के नागरिकों ने जिला कलेक्टर और संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप किया जाए। प्रशासन को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए कि क्या यह वाकई सरकारी आदेश है या फिर पेट्रोल पंप संचालक की अपनी व्यक्तिगत मनमानी है।

# अवैध शराब तस्करी में फरार दो आरोपी गिरफ्तार माननीय न्यायालय के आदेश से भेजे गए उप जेल पवई

पवई।

पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियो को अपने थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ एवं अवैध शराब के विक्रय, भंडारण एवं निर्माण पर रोकथाम करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके तारतम्य में पवई पुलिस के द्वारा दिनांक 15-05 -26 को सिमरी हार पवई से कुल 42 पेटी अवैध शराब जप्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर एक आरोपी मोके से गिरफ्तार किया गया था किंतु दो आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए थे जिनकी तलाश पतारसी के लगातार प्रयास किया गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह , एसडीओपी पवई श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी पवई श्री सुशील कुमार अहिरवार के नेतृत्व में लगातार फरारशुदा आरोपियों की तलाश पतारसी की गई जिसके परिणाम स्वरूप आरोपी जोगेंद्र सिंह पिता इंद्रपाल सिंह उम्र 27 साल निवासी ग्राम बूढ़ा थाना पवई एवं आरोपी आशवेन्द्र उर्फ बच्चा पटेल पिता नरेंद्र पटेल उम्र 25 साल निवासी नन्ही पवई को दिनांक 22/06/26 को गिरफ्तार कर लिया गया है दोनों आरोपियो के विरुद्ध थाना पवई में पहले से कई अपराध पंजीबद्ध होना



पाए गए हैं माननीय न्यायालय के आदेश से दोनों आरोपियों को उप जेल पवई भेज दिया गया है।

### उल्लेखनीय भूमिका -

उक्त संपूर्ण कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार, उनि एम एल कोल, प्रधान आरक्षक सुरेंद्र प्रजापति, प्रधान आरक्षक नीरज रैकवार, प्रधान आरक्षक बुद्ध सिंह यादव, आरक्षक सुशील कोल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सुसाइड नोट के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं, एसपी को सौंपा ज्ञापन



पन्ना।

जिले की बेटी निशी त्रिपाठी आत्महत्या मामले में पुलिस की ढीली कार्रवाई से नाराज परिजनों और क्षेत्रवासियों ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) को एक ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है। घटना को 45 दिन और एफआईआर दर्ज हुए 20 दिन से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी नामजद आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं।

### सुसाइड नोट में दर्ज हैं नाम-

मृतका के भाई और परिजनों ने बताया कि उनकी बहन निशी त्रिपाठी ने आरोपियों की मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना से तंग आकर आत्मघाती कदम उठाया था। पुलिस ने मृतका के पास से मिले सुसाइड नोट के आधार पर स्थानीय पुलिस चौकी में आरोपी मीना ओमरे, दीपा राय और अभिषेक ओमरे के खिलाफ एफआईआर क्रमांक 0378 दर्ज की थी। पुख्ता सबूत (सुसाइड नोट) होने के बावजूद पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने से बच रही है।

### जांच प्रभावित करने का आरोप-

पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए ज्ञापन में समाजसेवियों और परिजनों ने आरोप लगाया है कि पुलिस द्वारा की जा रही देरी से ऐसा प्रतीत होता है कि मामले की जांच को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। इससे पीड़ित परिवार का कानून व्यवस्था पर से भरोसा डगमगा रहा है। ज्ञापन के माध्यम से पीड़ित परिवार और क्षेत्रवासियों ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित जांच अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए जाएं, जिससे नामजद आरोपियों को तुरंत सलाखों के पीछे भेजा जा सके। इस दौरान राम बिहारी गोस्वामी (समाजसेवी), रावेन्द्र यादव, पुष्पेंद्र सिंह राजपूत सहित भारी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# पन्ना को विश्व के आध्यात्मिक मानचित्र पर स्थापित करने का संकल्प विभिन्न समाजों को श्रीमद्भागवत कथा एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव का दिया आमंत्रण

पन्ना।

श्री श्री 1008 श्री जुगल किशोर सरकार मंदिर, पन्ना में 15 से 29 जुलाई 2026 तक आयोजित होने जा रहे श्रीमद्भागवत कथा, श्रीभक्तमाल कथा एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव को लेकर जनसंपर्क अभियान तेज हो गया है। इसी क्रम में पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने सेन समाज, हैहैय क्षत्रिय कलचुरी (कलार) समाज, अग्रवाल समाज, गहोई समाज एवं कुशवाहा समाज के वरिष्ठजनों, प्रबुद्ध नागरिकों एवं समाज प्रतिनिधियों से भेंट कर उन्हें सपरिवार इस दिव्य महोत्सव में शामिल होने का सादर आमंत्रण दिया।इस अवसर पर बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि यह आयोजन केवल एक धार्मिक कथा नहीं, बल्कि पन्ना की आध्यात्मिक पहचान को विश्व पटल पर स्थापित करने का एक दिव्य संकल्प है।



बृजेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि 15 जुलाई को शाम 4 बजे श्री जुगल किशोर सरकार मंदिर से भव्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा। 16 से 22 जुलाई तक परम पूज्य देवाचार्य श्री राजेंद्र दास जी महाराज के श्रीमुख से श्रीमद्भागवत कथा तथा 23 से 27 जुलाई तक परम पूज्य महंत श्री किशोरदास जी महाराज द्वारा श्रीभक्तमाल कथा का दिव्य रसपान कराया जाएगा। प्रतिदिन भव्य रासलीला, भजन संध्या, समाज गायन एवं विभिन्न धार्मिक आयोजनों का आयोजन होगा। 29 जुलाई (गुरु पूर्णिमा) को विशाल गुरु पूजन, भंडारा एवं दिव्य धार्मिक समारोह के साथ महोत्सव का भव्य समापन होगा।बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि यह आयोजन केवल पन्ना का नहीं, बल्कि सम्पूर्ण सनातन समाज का आध्यात्मिक उत्सव है, जो आने वाले समय में पन्ना को देश ही नहीं, बल्कि विश्व के प्रमुख तीर्थ स्थलों में प्रतिष्ठित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगा।

**खबर संक्षेप**

## एडीसी परीक्षा में सफलता पर धमना के युवा का भव्य स्वागत



**छतरपुर।** बिहार राज्य में आयोजित एडीसी परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले धमना गांव के होनहार युवा अभय अवस्थी का अपने गृह जिले पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। उनकी सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल देखने को मिला।

क्षेत्र में प्रवेश करते ही विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों, युवाओं एवं शुभचिंतकों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। लोगों ने ढोल-नगाड़ों और उत्साह के साथ उनका स्वागत करते हुए उनकी उपलब्धि को क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक बताया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि अभय अवस्थी की इस सफलता से क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कठिन परिश्रम और लगन के बल पर यह मुकाम हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। इसके बाद उन्होंने खजुराहो स्थित प्रसिद्ध मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना की तथा अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और शुभचिंतकों के आशीर्वाद को दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सड़क और पुलिया की मांग लेकर जनसुनवाई पहुंचे स्कूली बच्चे, कलेक्टर पर अनसुनी का आरोप



**छतरपुर।** जिले की कलेक्ट्रेट में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में बकस्वाहा जनपद क्षेत्र के ग्राम नन्नी मडिय़ा के स्कूली बच्चे और ग्रामीण सड़क एवं पुलिया निर्माण की मांग लेकर पहुंचे। इस दौरान बच्चों ने आरोप लगाया कि वे अपनी समस्या लेकर कलेक्टर से मिलने आए थे, लेकिन उनकी बात सुने बिना ही कलेक्टर वहां से चले गए, जिससे ग्रामीणों और बच्चों में नाराजगी देखी गई।ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि ग्राम नन्नी मडिय़ा, ग्राम पंचायत बेरखेरी के अंतर्गत आता है। गांव से ग्राम पंचायत मझवा घाटी की दूरी लगभग 700 से 800 मीटर है, जहां बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रतिदिन आना-जाना पड़ता है। दोनों गांवों के बीच एक नाला होने के कारण मार्ग पर अधिकांश समय पानी और कीचड़ भरा रहता है।ग्रामीणों के अनुसार बरसात और सर्दी के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। बच्चों को स्कूल पहुंचने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, वहीं गांव तक चार पहिया वाहन और अन्य आवश्यक सेवाएं भी नहीं पहुंच पाती हैं।

## एनटीपीसी विंध्याचल राजभाषा अनुभाग द्वारा हिंदी कार्यशाला एवं प्रेरक व्याख्यान का आयोजन

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल में राजभाषा अनुभाग द्वारा परियोजना के प्रशासनिक भवन के सीवी रमन सभागार में वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डीपीएस स्कूल से आमंत्रित वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. भारत प्रसाद मिश्र उपस्थित रहे। सर्वप्रथम कार्यशाला में पधारे मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता को पुष्पगुच्छ प्रदान कर अभिनंदन किया गया। कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) श्री किशोर कुमार होता नें अपने उद्बोधन में कार्यशाला की प्रशंसा करते हुये कहा कि इस कार्यशाला से हम सभी को कार्यालयीन काम-काज को करने में सहायता मिलेगी। मुख्य वक्ता के रूप में डीपीएस स्कूल से आमंत्रित वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. भारत प्रसाद मिश्र ने कार्यालय में हिंदीः सहजता से सार्थकता तक विषय पर अत्यंत प्रेरक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने सरल उदाहरणों एवं रोचक प्रसंगों के माध्यम से बताया कि कैसे कठिन तकनीकी शब्दों को भी सहज हिंदी में व्यक्त किया जा सकता है।

# लोकतंत्र सेनानी डॉ. गोकर्ण दास जायसवाल का निधन राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

**नौगांव।** नगर के प्रतिष्ठित डॉक्टर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक, लोकतंत्र सेनानी डॉ गोकर्ण दास जायसवाल ने 91 वर्ष की आयु में सोमवार की सुबह निज निवास में अंतिम साँस ली। मंगलवार की सुबह डॉ गोकर्ण दास जायसवाल को पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। तहसीलदार रमेश कौल ने पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पुलिस द्वारा तिरंगा उड़ाकर सम्मान सहित गार्ड ऑफ ऑनर देकर सलामी दी गई। तहसीलदार रमेश कौल, थाना प्रभारी संजय राय, मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सोनकिया, लोकतंत्र सेनानी, राजेंद्र दीक्षित, वीरेंद्र रिछारिया, RSS के भालचंद्र नातू, आशीष तांब्रकार, सहित जनप्रतिनिधि, व्यापारी, गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, पत्रकार बंधुओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ गोकर्ण दास जायसवाल के पिता स्व गजाधर प्रसाद जायसवाल आजादी के पहले से होम्योपैथिक दवाई के माध्यम से मर्ज को ठीक करते हैं इसके बाद पुत्र गोकर्ण दास जायसवाल ने 1962 में ए.म.ब.स. की उपाधि हासिल कर आयुर्वेद और होम्योपैथिक दवाओं के माध्यम से मर्ज को ठीक करते रहे। डॉ जायसवाल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तहसील संचालक रहे और 1975 में इमरजेंसी के दौरान जेल गये और लोकतंत्र सेनानी के रूप में प्रशासन द्वारा राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। परिवार में पुत्र अजय जायसवाल, अजीत जायसवाल, भतीजे ब्रजमोहन और आलोक जायसवाल है पुत्र डॉ अजीत जायसवाल ने पिता को मुखाग्नि दी। डॉ गोकर्ण दास जायसवाल का निधन नगर के लिए अपूर्णीय क्षति है



# श्रद्धालुओं से भरी ओवर लोड ई-रिक्शा खाई में पलटी, महिला की मौत, कई दर्जन

**छतरपुर।** जिले के ईसानगर थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ईसानगर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरकर धार्मिक तीर्थस्थल जा रहे श्रद्धालुओं से भरी एक ओवरलोड ई-रिक्शा टैक्सी भेलसी के पास अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया।

घटना की सूचना मिलते ही 112 डायल पुलिस, स्थानीय ग्रामीण एवं राहत दल मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। हादसे में करीब एक दर्जन श्रद्धालु घायल हुए हैं, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

दुर्घटना में एक अधेड़ महिला की मौके पर ही मौत हो गई। महिला की पहचान एवं अन्य आवश्यक कार्रवाई पुलिस द्वारा की जा रही है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

प्राथमिक जांच में ई-रिक्शा के ओवरलोड होने और वाहन के अनियंत्रित होने को दुर्घटना का संभावित कारण माना जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा दुर्घटना के वास्तविक कारणों की पड़ताल की जा रही है।

# मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित
## सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील



**बड़ामलहरा। आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बड़ामलहरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों तथा विभिन्न समुदायों के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।**

बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी अरविन्द सिंह दांगी ने कहा कि सभी नागरिक अपने-अपने त्योहार आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि कोई भी धर्म किसी दूसरे व्यक्ति को कष्ट पहुंचाने की शिक्षा नहीं देता, इसलिए सामाजिक सौहार्द बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि नशे की हालत में उपद्रव करने वाले तत्वों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से सोशल मीडिया अथवा अन्य माध्यमों से फैलने वाली अफवाहों पर ध्यान न देने और उन्हें आगे साझा न करने की अपील की। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि, अफवाह या कानून व्यवस्था से जुड़ी सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। पुलिस प्रशासन ने सभी नागरिकों से मुहर्रम पर्व को शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। बैठक में एसडीओपी रोहित अलावा, थाना प्रभारी अरविन्द सिंह दांगी, डॉ. रमेश अग्रवाल, मुस्लिम सदर मेहबूब खान, सुनील मिश्रा, नरेंद्र दीक्षित, नितिन चौधरी, शफीक बेग, सुयश असाटी, अमित असाटी, गौस अहमद सहित शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# मानसून की देरी और महंगाई की दोहरी मार बारिश के इंतजार में बुंदेलखंड का किसान

**छतरपुर।** बुंदेलखंड क्षेत्र में इस वर्ष मानसून की देरी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। छतरपुर सहित पूरे इलाके में खरीफ सीजन की बुवाई प्रभावित हो रही है। सोयाबीन, मूंगफली, उड़द और तिल जैसी प्रमुख फसलों की बुवाई के लिए किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए बारिश का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि छतरपुर शहर से सटे कुछ गांवों में करीब आधे घंटे तक तेज बारिश हुई, लेकिन जिले के अधिकांश क्षेत्रों में केवल आंधी चलने से किसानों को राहत नहीं मिल सकी। बारिश के बाद निकली तेज धूप और बढ़ी उमस ने आम लोगों के साथ किसानों की परेशानियां भी बढ़ा दी हैं। ग्राम बृजपुरा, गठेवरा, सिमरिया, कदारी, पूछी और दलौन सहित कई गांवों के किसानों का कहना है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार मानसून काफी देर से पहुंच रहा है, जिससे खरीफ फसलों की बुवाई पिछड़ती जा रही है। किसानों के सामने केवल मौसम की चुनौती ही नहीं है, बल्कि खाद की किल्लत और बढ़ती कीमतें भी बड़ी समस्या बनकर सामने आई हैं। किसानों का आरोप है कि जो खाद पिछले वर्ष 1300 से 1400 रुपये प्रति बोरी मिलती थी, वह अब 2100 से 2600 रुपये तक खरीदनी पड़ रही है। इसके अलावा डीजल और पेट्रोल की बढ़ती कीमतों ने खेती की लागत को और बढ़ा दिया है।



किसानों का कहना है कि समय पर बारिश नहीं होने से खेत खाली पड़े हैं और बुवाई का कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। वहीं खेती में उपयोग होने वाली खाद और अन्य संसाधनों की कीमतों में लगातार वृद्धि होने से आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। किसानों ने सरकार से राहत और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की है। कृषकों का आरोप है कि खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, लेकिन फसलों के उचित दाम और कृषि संसाधनों की उपलब्धता को लेकर प्रशासन एवं सरकार की ओर से कोई ठोस कदम दिखाई नहीं दे रहे हैं। ऐसे में किसान मौसम और महंगाई की दोहरी मार झेलने को मजबूर हैं। अब किसानों की उम्मीद आने वाले दिनों में होने वाली बारिश पर टिकी है। उनका कहना है कि यदि जल्द अच्छी बारिश नहीं हुई तो खरीफ सीजन की फसलें प्रभावित हो सकती हैं, जिसका सीधा असर किसानों की आय और क्षेत्र की कृषि व्यवस्था पर पड़ेगा। किसानों ने सरकार से मांग की है कि बढ़ती महंगाई और कृषि संकट को देखते हुए ठोस राहत उपाय किए जाएं।

# एनटीपीसी-विंध्याचल में सम्पन्न हुई 89वीं राजभाषा कार्यान्वियन समिति की तिमाही बैठक



**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना के प्रशासनिक भवन सीवी रमन सभागार में दिनांक 23.06.2026 को मानव संसाधन राजभाषा अनुभाग द्वारा 89वीं राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस समिति का मुख्य कार्य परियोजना के अंतर्गत विभागों/अनुभागों मे राजभाषा अधिनियम/नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करना एवं अप्रैल से जून, 2026 की तिमाही की इस दिशा में हो रही प्रगति की समीक्षा कर आगे की कार्रवाई के लिए मार्गदर्शन करना है। राजभाषा कार्यान्वयन समिति की यह बैठक कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) श्री किशोर कुमार होता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) श्री किशोर कुमार होता ने अपने संबोधन में कहा कि राजभाषा हिंदी केवल एक औपचारिक दायित्व नहीं, अपितु हमारी कार्यसंस्कृति का अभिन्न अंग है। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने अनुभाग में हिंदी प्रयोग को प्रोत्साहित करें तथा अधिक से अधिक कर्मियों को हिंदी प्रशिक्षण एवं कार्यशालाओं में भागीदारी हेतु प्रेरित करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति से एनटीपीसी विंध्याचल राजभाषा कार्यान्वयन में अग्रणी संस्थान के रूप में स्थापित होगा।बैठक के आरंभ मे सर्वप्रथम मानव संसाधन प्रमुख(विंध्याचल) श्रीमती रुमा दे शर्मा द्वारा मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) श्री किशोर कुमार होता एवं मुख्य वक्ता शिक्षक(डीपीएस स्कूल, विंध्यनगर) डॉ. भारत प्रसाद मिश्र को पुष्पगुच्छ प्रदान कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री ए जे राजकुमार, महाप्रबंधक(मेंटीनेंस एवं एडीएम) श्री एम सुरेश, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं एफ एम) श्री एस के सिन्हा, महाप्रबंधक(टीएस एवं परियोजना) श्री देबब्रत त्रिपाठी, महाप्रबंधक(चिकित्सा) डॉ. बी के भराली, अपर महाप्रबंधक(मानव संसाधन) श्रीमती मृणालनी, अन्य अपर महाप्रबंधकगण एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के नोडल अधिकारियों उपस्थित रहे।

# स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के तहत एनसीएल में चलाये जा रहे विभिन्न जागरूकता अभियान

**सिंगरौली।** स्थित भारत सरकार की मिनीरत्न कम्पनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की सभी परियोजना एवं इकाइयों में स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के तहत व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय समुदायों और कर्मियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए एनसीएल द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत, एनसीएल की विभिन्न परियोजनाओं एवं इकाइयों में व्यापक स्तर पर अलग-अलग स्थलों की सघन साफ-सफाई सुनिश्चित की जा रही है। कंपनी के कार्यालय परिसरों, आवासीय कॉलोनियों, खदान क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ तथा सुरम्य बनाने हेतु श्रमदान कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए खड़िया, ककरी एवं अमलोरी परियोजना तथा सीडबल्यूएस इकाई द्वारा सिंगल-यूज प्लास्टिक के चलन को पूरी तरह समाप्त करने के उद्देश्य से आम लोगों के बीच जूट के थैलों का वितरण किया गया, वहीं दूधीचुआ परियोजना ने अपशिष्ट प्रबंधन को दुरुस्त करने के लिए डस्टबिन बांटे ताकि कचरे का सही निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। इसके अतिरिक्त झिंगुरदा परियोजना में एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। एनसीएल द्वारा इस पखवाड़े के अंतर्गत सफाई को एक जन आंदोलन का रूप दिया जा रहा है, जिसमें कर्मियों से लेकर बच्चों तथा स्थानीय लोगों को अभियान से जोड़ा जा रहा है। इसी क्रम में सीडबल्यूएस इकाई द्वारा आयोजित विशेष सफाई अभियान में केंद्रीय विद्यालय, सीडबल्यूएस के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सामूहिक श्रमदान के माध्यम से समाज को स्वच्छता का संदेश दिया।



# हिस्से की मांग को लेकर बेटे पर प्रताड़ना का आरोप, वृद्ध मां ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार



**छतरपुर।** हिस्से की मांग को लेकर एक वृद्ध महिला ने अपने ही बेटे पर मानसिक प्रताडऩा, धमकी और अभद्र व्यवहार करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। मंगलवार को महिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और बेटे सहित उसके एक साथी के खिलाफ शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की।

शिकायत में महिला ने बताया कि उसका छोटा बेटा लंबे समय से संपत्ति में हिस्से की मांग को लेकर उसे परेशान कर रहा है। आरोप है कि 15 जून को वह अपने एक साथी और अन्य लोगों के साथ सागर रोड स्थित उसके मकान पर पहुंचा और वहां रह रहे किरायेदारों को मकान खाली करने की धमकी दी। घटना की जानकारी मिलने पर जब महिला मौके पर पहुंची तो उसके साथ भी गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किया गया।

महिला का कहना है कि आरोपी पुत्र उस पर तीन करोड़ रुपये और मकान अपने नाम कराने का दबाव बना रहा है। मांग पूरी नहीं होने पर वह बड़े बेटे को झूठे मुकदमे में फंसाने तथा जान से मारने की धमकी दे रहा है। महिला ने बताया कि उसके पति की संपत्ति का बंटवारा पहले ही हो चुका है और दोनों बेटों को उनका हिस्सा दिया जा चुका है।

पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी पुत्र के खिलाफ पूर्व में भी कई शिकायतें की जा चुकी हैं। महिला ने पुलिस अधीक्षक से बेटे और उसके साथी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करने तथा बड़े बेटे के खिलाफ की जाने वाली कथित झूठी शिकायतों पर बिना जांच कोई कार्रवाई न किए जाने की मांग की है।

# राम मंदिर चोरी मामले में पूर्व विधायक सरकार पर उठाए सवाल

### केंडी गांव में 26 जून से शुरू होगा बहुजन महायज्ञ

**छतरपुर।** जिले के केंडी गांव स्थित पूर्व विधायक आरडी प्रजापति के कृषि फार्म हाउस पर आगामी 26, 27 और 28 जून 2026 को तीन दिवसीय बहुजन महायज्ञ एवं छात्र प्रशिक्षण और बहुजन सम्मेलन का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस विशाल कार्यक्रम की तैयारियों और छतरपुर के राम मंदिर में हुई हालिया चोरी के गंभीर विषय को लेकर पूर्व विधायक आरडी प्रजापति ने एक प्रेस वार्ता आयोजित की।

### राम मंदिर में हुई चोरी को लेकर उठाए सवाल

प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व विधायक आरडी प्रजापति ने छतरपुर के राम मंदिर में हुई चोरी की घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने स्थानीय कानून व्यवस्था और सुरक्षा पर सवाल उठाते हुए पुलिस प्रशासन से इस मामले का जल्द से जल्द खुलासा करने और दोषियों को सलाखों के पीछे भेजने की मांग की है।

देशभर से जुटेंगे कई दिग्गज नेता और मुख्य वक्ता



तीन दिनों तक चलने वाले इस वैचारिक और सांस्कृतिक महाकुंभ में देश और प्रदेश के कई जाने-माने राजनेता, समाज सुधारक और विचारक शामिल होंगे। मुख्य वक्ताओं के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य, डीपीएसएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष दामोदर सिंह यादव, पूर्व विधायक (चरखारी, उ.प्र.) कप्तान सिंह राजपूत, पूर्व विधायक (राठ, उ.प्र.) गयादीन अनुरागी और पूर्व विधायक (बंडा, म.प्र.) नारायण प्रजापति मुख्य रूप से शामिल हो रहे हैं। इनके अलावा मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री ओमकार सिंह मरकाम, सतना विधायक श्री सिद्धार्थ कुशवाहा सहित सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील वरुण ठाकुर, जया ठाकुर एवं महमूद प्राचा भी इस मंच से अपनी बात रखेंगे।

### दिन में वैचारिक मंथन, रात में आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम

आयोजन समिति के अनुसार, तीन दिवसीय इस कार्यक्रम के तहत दिन के समय बहुजन महायज्ञ, छात्र प्रशिक्षण और बहुजन सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। वहीं, रात्रि कालीन सत्र में बहुजन महापुरुषों के जीवन और विचारों पर आधारित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसमें बुंदेली राई, आल्हा गायन, लोकगीत, नाटक और नौटंकी का मंचन किया जाएगा। आल्हा गायन के लिए महोबा के प्रसिद्ध गायक हरनाम नरवारिया, दीक्षा यादव व प्रतीक्षा यादव और बुंदेली गायन के लिए गौरव उर्फ गणपत मुख्य रूप से प्रस्तुति देंगे।

**आगंतुकों के लिए की गई है विशेष व्यवस्था**

महायज्ञ के इस भव्य आयोजन में आने वाले सभी श्रद्धालुओं और अतिथियों के लिए तीन दिनों तक चाय, नाश्ता और भोजन की निःशुल्क व्यवस्था कमेटी द्वारा की गई है। इसके साथ ही दूर-दराज और बाहरी क्षेत्रों से आने वाले लोगों के लिए ठहरने के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। आयोजकों ने सभी क्षेत्रवासियों से तन, मन और धन से सहयोग कर इस महायज्ञ को सफल बनाने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### आधी रात शहर में चली गोलियां

रीवा। शहर में सोमवार और मंगलवार की दरम्यानी रात उस समय सनसनी फैल गई, जब सिरमौर चौराहे से शुरू हुआ दो पक्षों का विवाद बिछिया थाना क्षेत्र तक पहुंच गया और देखते ही देखते सड़कों पर फिल्मी अंदाज में पीछा करने, वाहनों को टक्कर मारने तथा फायरिंग की घटना में तब्दील हो गया। आधी रात हुई इस वारदात से शहर में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। घटना के दौरान दोनों पक्षों के लोग वाहनों में सवार होकर एक-दूसरे का पीछा करते रहे और कई राउंड फायरिंग किए जाने की बात सामने आई है। जानकारी के अनुसार घटना सोमवार देर रात करीब एक बजे की है। बताया जा रहा है कि दो पक्षों के बीच किसी पुराने विवाद को लेकर सिरमौर चौराहे के समीप कहासुनी और विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष वाहन लेकर एक-दूसरे के पीछे पड़ गए। यह घटनाक्रम शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए बिछिया थाना क्षेत्र के जेल मार्ग तक पहुंच गया, जहां फायरिंग की घटना होने की जानकारी सामने आई है। सूत्रों के अनुसार दोनों पक्षों के बीच करीब चार से पांच राउंड फायरिंग हुई। घटना के बाद जिस कार को पुलिस ने जब्त किया है, उसमें गोलियां धंसने के निशान पाए गए हैं। इसके अलावा अन्य वाहनों के शीशे और हिस्से क्षतिग्रस्त मिले हैं, हालांकि पुलिस ने फायरिंग के राउंड और गोली लगने की घटना की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।घटना में शामिल एक युवक ने दावा किया है कि फायरिंग के दौरान एक गोली उसके कंधे को छूते हुए निकल गई, जिससे उसे मामूली चोट आई है। हालांकि पुलिस का कहना है कि अभी तक किसी व्यक्ति के गोली लगने की पुष्टि नहीं हुई है और मामले की जांच की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। देर रात विभिन्न थाना क्षेत्रों की पुलिस सक्रिय हुई और अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर घटना में प्रयुक्त तीन वाहनों को जब्त कर लिया। इनमें से एक कार में गोलियों के स्पष्ट निशान मिले हैं, जबकि अन्य वाहनों में तोड़फोड़ और टक्कर के सबूत मिले हैं। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला दो पक्षों के बीच पुराने विवाद का प्रतीत हो रहा है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर बिछिया थाना पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। घटना को अंजाम देने वाले आरोपी वारदात के बाद से फरार बताए जा रहे हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा ने बताया कि दो पक्षों के बीच पुराना विवाद चला आ रहा था। इसी विवाद के चलते पहले सिरमौर चौराहे के पास कहासुनी और झगड़ा हुआ, जिसके बाद मामला बिछिया क्षेत्र तक पहुंच गया। शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है तथा आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### निरीक्षण के लिए कल खुलेगा ईवीएम वेयर हाउस

रीवा। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया है कि नियमित त्रैमासिक निरीक्षण के लिए शासकीय इंजीनियरिंग कालेज में स्थित ईवीएम वेयरहाउस 25 जून को सुबह 11 बजे खोला जाएगा। यह कार्यवाही जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में होगी। अपर कलेक्टर ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से वेयरहाउस खुलने के समय उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

### भाजपा प्रदेश कार्यसमिति में रीवा का दबदबा

रीवा। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की हुई घोषणा, विन्ध्य से रीवा को मिला बड़ा प्रतिनिधित्व, सतना के नेताओं को मिली निराशा, रीवा से राजेन्द्र शुक्ला, ममता गुप्ता, गौरव तिवारी, मृगेन्द्र सिंह, केपी त्रिपाठी, मनीषा पाठक और अखंड प्रताप सिंह को मिली जगह तो वहीं सतना में केवल सांसद गणेश को ही मिल पाया स्थान, पूर्व मंत्री एवं नागौद विधायक नागेंद्र सिंह बने विशेष आमंत्रित सदस्य, सीधी से रीती पाठक, शरदेंदु तिवारी और कुंवर सिंह टेकाम ने बनाया स्थान23/06/2026, 8:17pm - गुड्डू निगम रीवा: नीट पेपर लीक जैसे गंभीर मुद्दे पर शिक्षा मंत्री को बर्खास्त नहीं करना व्यवस्था पर बड़ा सवाल: अजय खरे परीक्षा केंद्रों में प्रवेश के समय नकल के नाम पर परीक्षार्थियों के साथ नंगा तलाशी जैसा दुर्व्यवहार बहुत आपत्तिजनक शिक्षा माफियाओं के चलते हो रहे पेपर और प्रश्न लीक रीवा। समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा परीक्षा केंद्रों में नकल रोकने के लिए जिस तरह नंगा तलाशी अभियान चलाया जाता, वह अत्यंत आपत्तिजनक एवं शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि नीट पेपर लीक जैसे गंभीर मुद्दे पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अभी तक बर्खास्त नहीं किया जाना मौजूदा व्यवस्था पर गंभीर सवाल है। नीट पेपर लीक होने के बाद इधर दोबारा परीक्षा ली गई है।

# ईडी की छापेमारी में 55.60 करोड़ के डामर घोटाले का खुलासा

## जांच में सामने आया अधिकारियों-ठेकेदारों का गठजोड़, रीवा और जबलपुर में सर्च ऑपरेशन के दौरान मिले अहम दस्तावेज

## जब्त किए गए 23.50 लाख नकद और फ्रीज हुए 2.93 करोड़ के खाते

रीवा।




प्रदेश के भीतर 19 जून 2026 को रीवा के साथ-साथ जबलपुर जिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की दबिश बहुचर्चित डामर घोटाले को लेकर हुई थी , इस बात की पुष्टि ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय ने रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कर दी है। प्रवर्तन निदेशालय भोपाल द्वारा कथित डामर घोटाले एवं मनी लॉडिंग की जांच के सिलसिले में संबंधित ठेकेदारों के यहां दबिश दी गई थी। ईडी के सर्च आपरेशन में इस बात का खुलासा हुआ है कि डामर सप्लाई के लिए अधिकृत कंपनी के फर्जी इनवाइस प्रस्तुत कर ठेकेदारों द्वारा 55.60 करोड़ का भुगतान प्राप्त किया गया। म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण (एमपीआरआरडीए) परियोजना कार्यालय इकाईयों के अधिकारियों एवं ठेकेदारों के गठजोड़ ने शासन की आंखों में धूल झोंकते हुए, धोखाधड़ी एवं फर्जीबाड़ा कर करोड़ों की आर्थिक क्षति शासन को पहुंचाई। ईडी भोपाल के प्रेस रिलीज में बताया गया कि ईडी ने ईओडब्ल्यू रीवा और जबलपुर में आईपीसी 1860 एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के विभिन्न प्रावधानों के तहत एफआईआर के आधार पर पीएमएलए 2002 के तहत जांच शुरू की। जांच के दौरान यह खुलासा हुआ कि ठेकेदारों ने एमपीआरआरडीए परियोजना कार्यान्वयन इकाईयों के अधिकारियों के मिलीभगत से इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड आदि के जाली और मनगढ़ंत बिल जमा करके सड़क निर्माण के डामरीकरण कार्य के नाम पर 55.60 करोड़ का भुगतान धोखाधड़ी से प्राप्त किया जो सरकारी खजाने की भारी वित्तीय क्षति है। तेल कंपनियों से संबंधित बिलों में हेराफेरी करके उन्हें जमा किए जाने की बात भी जांच में सामने आई है। बताया गया कि सर्च आपरेशन दौरान ईडी द्वारा संपत्ति संबंधी दस्तावेजों, डिजिटल उपकरणों के साथ-साथ 23.50 लाख कैश और विभिन्न आपत्तिजनक रिकॉर्ड बरामद किए गए हैं तथा 2.93 करोड़ के बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं। यह भी बताया गया है कि आगे की जांच जारी है।कैग की रिपोर्ट में 330 करोड़ का घोटालामिली जानकारी अनुसार ईडी भोपाल का डामर घोटाले को लेकर ईओडब्ल्यू में दर्ज एफआईआर के आधार पर तलाशी अभियान रीवा और जबलपुर में एक साथ था जबकि प्रदेश स्तर पर कथित डामर घोटाला 330 करोड़ का है। अधिकारियों और ठेकेदारों के गठजोड़ ने डामर घोटाले का एवरेस्ट खड़ा कर दिया है। इस डामर घोटाले से विन्ध्य रीजन के सतना, सीधी, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर जिले भी अछूते नहीं हैं। रीवा-मऊगंज जिले के संबंध में 44 लोगों पर ईओडब्ल्यू रीवा में एफआईआर दर्ज है। ईडी ने रीवा और जबलपुर की जांच में 55.60 करोड़ का डामर घोटाला होने की पुष्टि प्रथमदृष्टया कर दी है।विधानसभा में उठ चुका मामलागौरतलब है कि म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण परियोजना क्रियान्वयन इकाईयों के अंतर्गत वर्ष 2017 से 2021 कराए गए सड़कों के निर्माण कार्यों में ठेकेदारों ने घटिया और गुणवत्ताविहीन डामर (बिटुमिन) का उपयोग किया और भुगतान अधिकृत तेल कंपनियों के फर्जी इनवाइस प्रस्तुत कर प्राप्त कर लिया। रीवा जिले में इस प्रकृति का अनियमित भुगतान 12 करोड़ 71 लाख 63 सौ 72 रुपए तथा मऊगंज जिले में 5 करोड़ 88 लाख 26 हजार 713 रुपए का भुगतान ठेकेदारों द्वारा प्राप्त किया गया। एमपीआरआरडीए के अधिकारियों-इजीनियरों ने आंख मूंदकर फर्जी इनवाइसों का सत्यापन भी कर दिया। समूचा मामला हजम हो गया था किन्तु दुर्भाग्य से यह मामला विधानसभा में पहुंच गया। सेमरिया से कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा ने कथित डामर घोटाले को उठाया और संभवतः उसी के चलते रीवा के एक संविदाकार एवं उनके अनुज जो बीजेपी के नेता हैं, द्वारा ईडी की कार्रवाई के पीछे उनका हाथ होने का आरोप मीडिया के सामने लगाया गया था।

## मऊगंज में नशा मुक्त भारत सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम एवं हस्ताक्षर अभियान का हुआ आयोजन



*मऊगंज* कलेक्टर संजय कुमार जैन के मार्गदर्शन में संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत संदीपन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मऊगंज में संस्था रमाशिव बहुदेशीय विकास समिति द्वारा जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवाओं एवं समाज को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

"**नशा मुक्त भारत, विकसित भारत की पहचान**" विषय पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अन्य उपस्थितजनों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर 17 जून से 26 जून 2026 तक संचालित नशा मुक्त भारत सप्ताह के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान भी आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सहभागिता की। विद्यालय के प्राचार्य श्री भोलेनाथ उपाध्याय ने उपस्थित शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अग्निवीरों को नशामुक्त जीवन अपनाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि नशे से दूर रहकर ही युवा अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा युवाओं को सकारात्मक एवं स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करना है। विद्यालय के शिक्षकों ने अपने उद्बोधन में कहा कि मादक पदार्थों का सेवन व्यक्ति, परिवार एवं समाज के लिए अत्यंत हानिकारक है। नशे की प्रवृत्ति स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के साथ-साथ सामाजिक एवं आर्थिक चुनौतियों को भी जन्म देती है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा, खेलकूद एवं रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता कर नशे से दूर रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शिक्षिका किरण पांडे, गायत्री पांडे, सहयोगी उमेश रावत, बीनू यादव सहित विद्यालय के शिक्षकगण, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## शोरूम में चोरी का खुलासा, 8 एलईडी टीवी समेत 1.90 लाख का माल बरामद मुख्य आरोपी सहित तीन गिरफ्तार, चोरी का सामान खरीदने वाले भी बने आरोपी

रीवा।



अमहिया थाना पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 8 एलईडी टीवी और 2 मिक्सर ग्राइंडर सहित करीब 1 लाख 90 हजार रुपए मूल्य का चोरी का सामान बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में चोरी करने वाला मुख्य आरोपी और चोरी का सामान खरीदने वाले उसके दो साथी शामिल हैं।बता दे अमहिया क्षेत्र स्थित इलेक्ट्रॉनिक शोरूम संचालक अरुण ठारवानी निवासी कृष्णाकुंज सोसायटी, बिछिया ने कुछ दिन पहले शोरूम से इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से संदिग्धों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने अमहिया निवासी साहिल अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने शोरूम में चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि चोरी के बाद उसने एलईडी टीवी और अन्य सामान अपने परिचित कासिम शाह और राजेश श्रीवास्तव को बेच दिया था। मुख्य आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए 8 एलईडी टीवी और 2 मिक्सर ग्राइंडर बरामद किए गए। बरामद सामान की कुल कीमत लगभग 1 लाख 90 हजार रुपए आंकी गई है। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

# रीवा जनपद में सत्ता परिवर्तन के संकेत, 25 में से 22 सदस्यों ने अध्यक्ष के खिलाफ सौंपा अविश्वास प्रस्ताव

### जनपद अध्यक्ष और उनके पति पर सदस्यों ने लगाए वित्तीय अनियमितता व हस्तक्षेप के आरोप, कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर की कार्रवाई की मांग

रीवा।



रीवा जनपद पंचायत में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। जनपद पंचायत के कुल 25 निर्वाचित सदस्यों में से 22 सदस्यों ने जनपद अध्यक्ष संगीता यादव के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। बड़ी संख्या में सदस्यों के एकजुट होकर विरोध में आने के बाद जनपद पंचायत में सत्ता परिवर्तन की अटकलें तेज हो गई हैं। सदस्यों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अविश्वास प्रस्ताव सौंपा और अध्यक्ष के कार्यकाल को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए। अविश्वास प्रस्ताव लेकर पहुंचे जनपद सदस्यों का आरोप है कि जनपद पंचायत का संचालन निर्वाचित अध्यक्ष के बजाय उनके पति राजेश यादव द्वारा किया जा रहा है। सदस्यों का कहना है कि जनपद अध्यक्ष को क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए चुना गया था, लेकिन व्यवहारिक रूप से प्रशासनिक और राजनीतिक निर्णयों में अध्यक्ष की जगह उनके पति की भूमिका अधिक दिखाई देती है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) की भी भूमिका संदिग्ध रही है।सदस्यों ने आरोप लगाया कि जनपद पंचायत की बैठकों में कई बार अध्यक्ष की जगह उनके पति सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनका कहना है कि बैठकों के संचालन से लेकर विभिन्न निर्णयों तक में अध्यक्ष पति का हस्तक्षेप देखने को मिलता है, जिससे जनपद पंचायत की लोकतांत्रिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन कर रहे सदस्यों ने हाल ही में आयोजित एक बैठक का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि अध्यक्ष पति राजेश यादव के निर्देश पर जनपद पंचायत की उपाध्यक्ष सुनीता द्विवेदी को बैठक से बाहर कर दिया गया था। सदस्यों का कहना है कि यह घटना जनप्रतिनिधियों के अधिकारों का हनन है और इससे पंचायत व्यवस्था की गरिमा को ठेस पहुंची है।सदस्यों ने यह भी आरोप लगाया कि राजेश यादव स्वयं को सांसद प्रतिनिधि बताकर जनपद पंचायत की बैठकों में शामिल होते हैं। विरोध कर रहे सदस्यों का कहना है कि जनपद पंचायत की सामान्य बैठकों में सांसद प्रतिनिधि की उपस्थिति का कोई वैधानिक प्रावधान नहीं है। उनका दावा है कि केवल जिला स्तरीय बैठकों में ही ऐसी भागीदारी का औचित्य बनता है, जबकि जनपद स्तर की बैठकों में उनकी सक्रिय उपस्थिति सवाल खड़े करती है। गौरतलब है कि यह पहला अवसर नहीं है जब जनपद पंचायत रीवा के संचालन को लेकर विवाद सामने आया हो। इससे पूर्व भी अध्यक्ष पति की भूमिका और जनपद पंचायत के संचालन को लेकर कई बार सवाल उठ चुके हैं। हालांकि इस बार बड़ी संख्या में सदस्यों के एकजुट होकर अविश्वास प्रस्ताव लाने से मामला अधिक गंभीर माना जा रहा है। यदि अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया नियमानुसार आगे बढ़ती है तो रीवा जनपद पंचायत की सत्ता में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

## जनसुनवाई में आम जनता के 600 आवेदनों में की गई सुनवाई

रीवा ।



कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित जनसुनवाई में आमजनता के 600 आवेदन पत्रों में सुनवाई की गई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर राकेश चौरसिया, डिप्टी कलेक्टर आरके सिन्हा तथा अन्य अधिकारियों ने आवेदनों में सुनवाई की। जनसुनवाई में हेतलाल निवासी ग्राम डभौरा ने खसरे में सुधार के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने नायब तहसीलदार डभौरा को सात दिन में आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए। सियादुलारी निवासी डभौरा ने धारणाधिकार के तहत भूमि आवंटन के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने नायब तहसीलदार को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मिथिलेश सिंह निवासी तेदुआ कोठार ने 2016 में नहर निर्माण के लिए अधिग्रहीत जमीन का मुआवजा देने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम त्योंथर को आवेदन में समुचित कार्यवाही के निर्देश दिए। अनंत सिंह निवासी गुढ़ ने नक्शा तरमीम तथा दयामन सिंह निवासी खुझ ने जमीन से अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन पत्र दिया। अपर कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को प्रकरण में तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। राजेश कुमार मिश्र निवासी ग्राम कठेरी ने सत्य सांई स्वसहायता समूह में की जा रही वित्तीय अनियमितता की जाँच के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। नसीबुन्ननिशा निवासी रीवा ने जमीन के जमीन से अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम हुजूर को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मजदूरी भुगतान, उपचार सहायता, आयुष्मान कार्ड तथा राजस्व प्रकरणों से जुड़े आवेदनों की सुनवाई की गई। जनसुनवाई में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्नानांतरित कमिश्नर श्री जामोद को दी गई भावभीनी विदाई



**रीवा।** रीवा संभाग से स्थानांतरित कमिश्नर बीएस जामोद को राजस्व, पुलिस तथा संभागीय अधिकारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। जामोद को शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं पुष्पहार देकर सम्मानित किया गया। समारोह में नवागत कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह का आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नवागत कमिश्नर श्री सिंह ने कहा कि श्री जामोद बहुत लंबे समय से मेरे मित्र हैं। आपकी सहज कार्यप्रणाली और प्रशासनिक कठिनाईयों को सूझ-बूझ से हल करने की क्षमता अद्वितीय है। श्री जामोद ने अपने कार्य व्यवहार और प्रशासनिक निर्णयों से संभाग के लोगों पर अच्छी छाप छोड़ी है। संभाग के सभी अधिकारी पदीय दायित्व के अनुसार पूरी जिम्मेदारी से कार्य करें। संभाग को विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें। समारोह में स्थानांतरित कमिश्नर श्री जामोद ने कहा कि रीवा में मेरा लगभग दो वर्षों का कार्यकाल हमेशा मुझे याद रहेगा। यहाँ के अधिकारी परिश्रमी और प्रतिभावान हैं। सभी का मुझे भरपूर सहयोग मिला। रीवा संभाग पहले कई मामलों में प्रदेश में सबसे पीछे रहता था लेकिन अब स्थिति में बहुत सुधार हुआ है। ई-आफिस व्यवस्था में रीवा संभाग पिछले आठ महीनों से प्रदेश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। आपरेशन निखार के माध्यम से स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के प्रयास किए गए, जिसके फलस्वरूप बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम बेहतर होने के साथ मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों की संख्या भी बढ़ी है। रीवा के संभागीय अधिकारियों ने अपने विभागीय दायित्वों के साथ-साथ अन्य विभागों के योजनाओं के क्रियान्वयन की मानीटरिंग में सहयोग किया है। मैं सभी अधिकारियों और रीवा के आमजनों के प्रति हृदय से आभार करता हूं। श्री जामोद ने कहा कि नवागत कमिश्नर श्री सिंह बहुत अनुभवी, सरल और सूझबूझ से निर्णय करने वाले अधिकारी हैं। श्री सिंह प्रशासनिक नवाचार के लिए सदैव प्रयासरत रहते हैं। आपके छिंदवाड़ा जिले में वाश आन व्हील कार्यक्रम को अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। श्री सिंह के नेतृत्व में रीवा संभाग निरंतर प्रगति करेगा।कार्यक्रम में कलेक्टर सतना सतीश कुमार एस, कलेक्टर सिंगरौली गौरव बैनल, कलेक्टर सीधी विकास मिश्रा, पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश सिंह तथा सीईओ जिला पंचायत सिंगरौली जगदीश गोमे ने श्री जामोद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। समारोह में डीएफओ लोकेश निरापुरे, एडीएम रीवा श्रीमती सपना त्रिपाठी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा मेहताब सिंह गुर्जर तथा संभाग के सभी जिलों के राजस्व, पुलिस अधिकारी एवं सभी संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष ने किया स्कूल तथा छात्रावासों का निरीक्षण

रीवा ।



मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित आयोग के अध्यक्ष श्री कैलाश जाटव रीवा जिले के भ्रमण के दौरान स्कूलों तथा छात्रावासों का निरीक्षण किया। अध्यक्ष ने शासकीय पीके सांदीपनि विद्यालय तथा शासकीय एसके हायर सेकण्डरी स्कूल का निरीक्षण करते हुए अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने प्राचार्यों को शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को कक्षा आठवीं के बाद ही कॅरियर संबंधी मार्गदर्शन दें। शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ देकर अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराएं। अध्यक्ष श्री जाटव ने शासकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में अनुसूचित जाति सीनियर और जूनियर छात्रावासों का निरीक्षण किया। अध्यक्ष ने छात्रावास में पेयजल व्यवस्था, टायलेट की साफ-सफाई तथा बिजली की फिटिंग में सुधार के निर्देश दिए। अध्यक्ष ने छात्राओं से छात्रावास में मिलने वाली सुविधाओं तथा कठिनाईयों की जानकारी ली। छात्राओं ने बताया कि भवन पुराना होने के कारण दीवारों में सीपेज रहता है तथा छत से पानी टपकता है। अध्यक्ष ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि दोनों छात्रावास भवनों में आवश्यक सुधार कार्य तत्काल कराएं। छात्रावास में कूलर तथा वाटर कूलर की भी व्यवस्था करें। छात्राओं को ऑनलाइन पढ़ाई की सुविधा देने के लिए वाईफाई सिस्टम लगवाएं। छात्रावास परिसर में समुचित साफ-सफाई कराएं, जिससे जहरीले जीव-जंतुओं का भय न रहे। खिड़कियों तथा रोशनदानों में तत्काल जाली लगवाएं जिससे मच्छरों और जहरीले जीवों से सुरक्षा हो सके। निरीक्षण के समय जिला संयोजक केके पाण्डेय, वित्तीय प्रबंधक रूचि तिवारी तथा छात्रावास अधीक्षिका उपस्थित रहीं।